तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

घटारानी में 345 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित 12



माता के नौ रुप दिखे वृद्ध और दिव्यांगजनों में, आशियाना... 12



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# राजस्व अमला ने की गलत एंट्री और भुगतना पड़ रहा किसानों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भुईंया पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री करने में सरकारी कर्मचारियों ने घोर लापरवाही बरती है। जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। जिन किसानों के नाम, रकबा, नक्शा आदि में त्रुटियां आ रही है, ऐसे किसान त्रुटि सुधारने राजस्व विभाग में आवेदन जमा कर रहें। लेकिन, नियत समय में त्रुटि सुधार नहीं होने के कारण उन्हें दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे। खास बात यह है कि पोर्टल में गलत एंट्री की जानकारी जरूरत पड़ने पर ही हो पा रहीं। इसलिए, किसानों का जरूरी काम अटक जा रहा।

बता दें कि प्रदेश में किसानों की कृषि भूमि का जब से भुईंया पोर्टल में ऑनलाइन दर्ज किया गया है। तब से समर्थन मूल्य में धान विक्रय के लिए पंजीयन, जमीन की खरीदी-बिक्री, लोन सहित सभी प्रकार कार्यों के लिए ऑनलाइन निकाले गए नक्शा, खसरा, बी वन को ही मान्य किया जा रहा। जिसके चलते समय-समय पर भुईंया पोर्टल का लगातार अपडेशन किया जा रहा है। बीते कुछ माह पूर्व भी शासन स्तर पर पूरे प्रदेश में पोर्टल को अपडेट किया गया है। अपडेट करने के लिए राजस्व अमला द्वारा नए सिरे से रजिस्ट्रीशुदा भूमि की एंट्री की गई है, जिसमें कई प्रकार की त्रुटियां सामने आ रहीं। पूर्व में त्रुटि सुधार के लिए प्रकरण दर्ज कराना होता था, जिसके लिए एक लंबी प्रक्रिया से गुजरना होता था। भू-स्वामी की इस परेशान को देखते हुए शासन ने त्रुटि सुधार की जिम्मेदारी एसडीएम, तहसीलदार को सौंप दी। इसके बाद भी किसानों की मुश्किलें दूर नहीं हो पा रहीं।

## भुईंया पोर्टल में त्रुटि सुधारने भटक रहे किसान, समय पर नहीं हो रहा निराकरण

### पंजीयन कराने में आ रही दिक्कतें

समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए इन दिनों नए पंजीयन का कार्य चल रहा है। लेकिन, समय पर त्रुटि रहित नक्शा, खसरा, बी वन नहीं मिलने के कारण नए किसानों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। धनसुली के किसान कृष्णा यादव आदि ने बताया कि पंजीयन के लिए ऑनलाइन नक्शा, खसरा निकाला तो उसमें कृष्ण कुमार यादव एंट्री कर दी गई है, जिसे सुधारने के लिए राजस्व अमला का चक्कर लगाना पड़ रहा।




### न्यायालीन प्रक्रिया, इसलिए देरी संभव

तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि भुईंया पोर्टल में दर्ज त्रुटियों को सुधारने के लिए नियत दिन निर्धारित नहीं किया गया है। वैसे ऑनलाइन शिकायतों को 30 दिनों के भीतर निराकरण करना होता है। तहसील स्तर पर नाम में लिपकीय या रकबा में मामूली त्रुटियों सहित कुछ अन्य को ही सुधारने का कार्य किया जा रहा। त्रुटियों को सुधारना न्यायालीन प्रक्रिया है, जिसमें कुछ देरी हो जाती है।

## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-
श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं

## विडंबना: सीजीएमसी से भेजे गए हाईड्रोक्सी यूरिया कैप्सूल निकले खराब

# दो माह से दवाई खत्म, महंगे दाम पर बाहर से खरीद रहे हैं मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरकारी अस्पतालों में इन दिनों

- सरकारी अस्पतालों में सिकलसेल की दवाई नहीं मिलने से मरीजों की बढ़ी परेशानी

सिकलसेल के मरीजों को बाजार से महंगे दाम पर दवाईयां खरीदनी पड़ रही है। दरअसल, जिला अस्पताल में बीते एक दो से जिले में सिकलसेल के मरीजों को निःशुल्क दी जाने वाली केप्सूल हाईड्रोक्सी यूरिया 500 एमजी का स्टॉक खत्म हो गया है। कुछ दिनों पूर्व आई दवाईयां खराब निकली। जिसके बाद से और स्टॉक नहीं भेजा गया है। इसलिए, सिकलसेल के मरीजों को बाजार से महंगे दाम पर दवाईयां खरीदनी पड़ रही है।

बता दें कि जिले में हजारों सिकलसेल के मरीज हैं। खून की कमी को दूर करने एवं लेबल को नियंत्रित रखने के लिए सिकलसेल के मरीजों को नियमित रूप से दवाईयों का सेवन करना होता है। इसके लिए हाईड्रोक्सी यूरिया केप्सूल एक अनिवार्य दवाई का हिस्सा है, जिसे सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क प्रदान किया जाता है। लेकिन, सरकारी अस्पतालों में करीब एक माह से हाईड्रोक्सी यूरिया केप्सूल का स्टॉक कम पड़ते ही डिमांड पर सीजीएमसी द्वारा पखवाड़े भर पूर्व दवाईयों का नया स्टॉक सप्लाई किया गया। 10 नग केप्सूल की कीमत 127 रुपए




बता दें कि सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दी जाने वाली हाईड्रोक्सी यूरिया केप्सूल बाजार की दवाई दुकानों में महंगे दाम पर मिलता है। जानकारी के मुताबिक इसके 10 नग केप्सूल को 127 रुपए तक बेचा जाता है। इधर, सरकारी अस्पतालों में स्टॉक खत्म होने के कारण मरीजों को बाजार से खरीदने को कहा जा रहा। एक मरीज ने बताया कि वह बीते दो माह से बाजार से सिकलसेल की दवाई खरीदकर सेवन कर रहा।

### पैकेजिंग जिलेटिन से चिपका हुआ मिला

जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ बसंत महेश्वरी ने बताया कि सिकलसेल के मरीजों के लिए सीजीएमसी द्वारा भेजे गए हाईड्रोक्सी यूरिया केप्सूल पैकेजिंग जिलेटिन में चिपका हुआ था, जिससे दवाई की गुणवत्ता पर असर पड़ने का अंदेशा था। इसलिए, इसे वापस भेज दिया गया है। जिसके बाद से अब तक यह केप्सूल भेजा नहीं गया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा अब इसे जैम पोर्टल के जरिए खरीदने की तैयारी है।

# नवरात्रि में हवन पूजन का कार्यक्रम शुरू नौ कन्या भोज का भी हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पंचाग के अनुसार क्वांर नवरात्र की अष्टमी तिथि आज शुक्रवार को है। बावजूद, जिले के कई देवी मंदिर सहित दुर्गा उत्सव पंडालों में गुरूवार को हवन हुआ। हवन के बाद भक्तों ने प्रसादी पाई। कई स्थानों में नौ कन्या भोज भी कराया गया, जिसके कारण सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं, घरों में ज्योत प्रज्जवलित किए गए परिवारों द्वारा हवन पूजन के बाद नौ कन्या भोज कराया गया।

क्वांर नवरात्रि के आठवें दिन देवी स्थलों पर माता की विशेष आरती हुई। शुभ मुहूर्त में हवन पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद माता के नौ रूपों को नौ प्रतीक स्वरूप भोग लगाने के उद्देश्य से नौ कन्या भोज का आयोजन विभिन्न स्थलों पर हुआ। अष्टमी पर देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भीड़ उमड़ी। सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना- जाना लगा रहा। अष्टमी पर पूर्णाहूति होने के बाद नौ कन्या भोज कराया जाता है। सभी बच्चों को खीर, पूड़ी, हलवा के साथ भोजन कराया गया। पश्चात सबको श्रृंगार सामग्री(चूड़ी, माला, बिंदी, नेलपालिश, रूमाल) के साथ पैसे व श्रीफल भी दिए गए। जो लोग अष्टमी पर नौ कन्या भोज नहीं कर पाए वे नवमी पर नौ कन्या भोज कराएंगे। कई स्थानों पर आम भंडारा का भी आयोजन किया गया।

### आज होंगे हवन

इस वर्ष क्वांर नवरात्र में जहां पंचमी दो दिनों का रहा। वहीं, अष्टमी और नवमीं तिथि एक ही दिन शुक्रवार को मनाई जाएगी। इसलिए, जिले के अधिकांश देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में आज शुक्रवार को हवन पूजन एवं नौ कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। नगर की कुलदेवी महामाया मंदिर, चंडी मंदिर बिरकोनी, चंडी मंदिर घुंचापाली, खल्लारी मंदिर भीमखोज आदि शक्तिपीठों में शुक्रवार को पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा। साथ ही दिन को आम भंडारा रखा गया है।

# शराब पिलाने की सुविधा दे रहे दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने ढाबा में शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि 9 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि मंजीत ढाबा झिलमिला में ढाबा संचालक दविंदर सिंह सलूजा द्वारा लोगों को शराब पिलाने का अवैध साधन उपलब्ध कराया रहा है। इस सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छापा मारा, इस दौरान शराब पी रहे लोग भाग गए। पुलिस ने मौके से 1 व्हिस्की की खाली बोतल को जब्त किया और ढाबा संचालक दविंदर सिंह सलूजा पिता मंजीत सिंह सलूजा (31 साल) निवासी वार्ड नंबर 12 उड़ियापार सरायपाली के खिलाफ थाना सरायपाली में धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। इसी तरह दूसरे मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि गौटिया ढाबा में ढाबा संचालक अजीत पटेल द्वारा लोगों को शराब पीने पिलाने का अवैध साधन उपलब्ध कराया रहा है। जहां पहुंचकर पुलिस ने आरोपी अजीत पटेल पिता मुक्तेश्वर पटेल (27 साल) कुटेला के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2 पौवा देशी प्लेन शराब की खाली शीशी को बरामद किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

जय अम्बे..



महासमुंद। बस स्टैंड दुर्गोत्सव समिति द्वारा विराजित माता रानी की मनमोहक प्रतिमा।

# नगर में कल दहशरा उत्सव, होगा 35 फीट ऊंचा रावण पुतला का दहन

**महासमुंद।** दशहरा आयोजन समिति मानस भवन की बैठक स्थानीय श्रीराम मंदिर प्रांगण में रखी गई। बैठक में पं. जयलाल प्रसाद शर्मा दशहरा मैदान में इस वर्ष दशहरा उत्सव आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें आयोजन समिति के प्रभारी चंद्रशेखर साहू ने बताया कि इस वर्ष 35 फीट रावण का पुतला जलाया जाएगा। जो कि राधेश्याम यादव उर्फ राजू पेंटर द्वारा काली मंदिर के पास निवास में विशेष वेशभूषा में तैयार किया जा रहा है। रामलीला का मंचन कार्यक्रम दिशा नाट्य कला मंच के कलाकारों द्वारा लाइट एवं साऊंड द्वारा किया जाएगा, जो कि 12 अक्टूबर को सायं 05 बजे प्रारंभ हो जाएगा। अग्नि बाण के द्वारा रावण का पुतला दहन होगा। दहन के पश्चात आकर्षक आतिशबाजी का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने बताया कि दशहरा उत्सव आयोजन पं. जयलाल प्रसाद शर्मा मैदान बागबाहरा रोड में होगा। नगर पालिका द्वारा साफ-सफाई, लोक निर्माण विभाग व विद्युत विभाग द्वारा लाईट की व्यवस्था की जा रही है। सभी तैयारी जोरों से चल रही है। ताकि, कार्यक्रम अच्छे ढंग से सम्पन्न हो सके। बैठक में पं. पंकज तिवारी, भूंद्र राठौर, चंद्रशेखर साहू, व्यासनारायण शर्मा, तिलक साव, घनश्याम सोनी, अग्रज शर्मा, परमेश्वर डड़सेना, गोवर्धन प्रधान, महेश मक्कड़, विपिन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## अपेरा कार्यक्रम के दौरान दो लोगों से मारपीट

**महासमुंद।** मोहगांव में चल रहे अपेरा कार्यक्रम के दौरान एक शख्स के हंसने पर तीन लोगों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी राधेश्याम साव पिता गणेश साव ने बताया कि 8 अक्टूबर को वह अपने गांव के पवित्र पालेश्वर एवं उदेलाल साव के साथ ग्राम पथरला अपेरा कार्यक्रम देखने गया था, रात्रि करीबन 11 बजे कार्यक्रम को देखकर हम लोग जोर-जोर से हंस रहे थे, तभी ग्राम पथरला के कृष्णा भोई, बलराम भोई एवं अशोक भोई क्यों हंस रहे हो कहते हुए आए और मुझे धक्का देकर नीचे जमीन पर गिरा दिए। घटना को देखकर ग्राम पथरला के दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य अरूण प्रधान ने बीच बचाव किएतो उसके साथ भी बलराम भोई, कृष्णा भोई एवं अशोक भोई ने गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किये है, मारपीट करने से मेरे बायें गाल व अरूण प्रधान के दाहिने गाल में चोट लगी है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### तुमगांव शराब दुकान से बाइक चोरी

**महासमुंद।** तुमगांव के शराब दुकान से बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रार्थी सौरभ चंद्राकर पिता सुभाष चंद्राकर (31 वर्ष) वार्ड नं 14 बस स्टैंड के सामने लालवानी गली महासमुंद ने बताया कि वह करणी कृपा प्लांट में 8 अक्टूबर को मोटर सायकल बजाज प्लेटीना सीजी 06 जीजी 4145 से काम करने गया था। बाइक को प्लांट में काम करने वाला ओंकार गोस्वामी मांग कर शराब दुकान तुमगांव आया था, जहां से वाहन को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना पुलिस ने ग्राम सोनापुटी चौक के पास बाइक की ठोकर से एक व्यक्ति घायल हो गया। प्रार्थी चंद्रशेखर धीवर ने पुलिस को बताया है कि सोमवार के दिन मेरे बड़े भैया मोटर सायकल क्रमांक सीजी-06-जीएम-9724 से मनबाय से खोपली पड़ाव जा रहे थे। ग्राम सोनापुटी चौक के पास पहुंचने पर बागबाहरा की ओर से आ रहे प्लेटिना के चालक अरूण गोड़ द्वारा अपने वाहन तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने मामले शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 281,125(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## मंत्री ने 10 लाभार्थियों को आवास की प्रतीकात्मक चाबी भेंट की

# 21 हजार से अधिक पीएम आवास स्वीकृति की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल पटेवा में आयोजित जिले के 21 हजार से अधिक हितग्राहियों को पीएम आवासों का भूमिपूजन किया। साथ ही तथा पूर्ण हो चुके आवास के हितग्राहियों को आवास एवं चाबी सौंपी।

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल और विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित जनप्रतिनिधियों ने मेले में जिले के 18 आवासहीन ग्रामीण परिवारों को नए स्वीकृत हुए आवास का स्वीकृति पत्र वितरण, जिले के 10 लाभार्थियों को नए आवास की पूर्णता प्रमाण पत्र और सांकेतिक चाबी भेंट की। साथ ही 10 प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों को प्रमाण पत्र और टूल किट वितरित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच पटेवा जमुना सिन्हा, 6 सचिव व 10 रोजगार सहायकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।




इस दौरान मंत्री बघेल ने जिला पंचायत, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। मंत्री बघेल ने इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में 4 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 2 हितग्राहियों को सिकलसेल दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह योजना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और इससे सामाजिक स्थिरता और विकास को बढ़ावा मिलेगा। सरकार का उद्देश्य हर गरीब परिवार को एक सुरक्षित पक्का आवास प्रदान करना है। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत हितग्राहियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएगी, जैसे बिजली, पानी और स्वच्छता। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, सनम जांगड़े, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, संदीप दीवान, सरपंच पटेवा जमुना सिन्हा, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के अलावा बड़ी संख्या में हितग्राहीगण, गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने दी आवास योजना की प्रगति की जानकारी

कलेक्टर लंगेह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सामान्य श्रेणी के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्थाई प्रतीक्षा सूची के 21331 हितग्राही एवं आवास प्लस के 400 हितग्राही सहित कुल 21731 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया गया है। शेष हितग्राहियों का पंजीयन एवं स्वीकृति की कार्रवाई कुछ ही दिनों में पूरा हो जाएगा। जिसमें से प्रथम किस्त में 19988 परिवारों को कुल 79 करोड़ 95 लाख 20 हजार रुपए उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से जारी हो गया है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2016-24 तक कुल 73266 आवासों की स्वीकृति किया गया है। जिसमें से 69737 (95.18 प्रतिशत) आवास पूर्ण कर लिया गया है। इसी तरह प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महाभियान योजना (पीएम जनमन योजना) अंतर्गत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के 582 पात्र परिवारों का आवास स्वीकृत किया गया है, जिसमें 95 आवास पूर्ण कर लिया गया है। पीएम जनमन आवास योजना में निर्माण के लिए अब तक 24.08 करोड़ की राशि जारी की गई है। शेष प्रगतिरत आवासों को दिसम्बर तक पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

# खबर संक्षेप

## रावणभाठा में 60 फीट का जलेगा रावण




**रायपुर**। टिकरापारा के रावणभाठा मैदान पर इस बार भी रावण दहन का कार्यक्रम सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति करने जा रही है। 12 अक्टूबर को शाम 4 से रात 8 बजे तक मैदान पर उत्सव का माहौल रहेगा। दशहरा उत्सव का ऐतिहासिक महत्व दूधाधारी मठ से जुड़ा है। 1610 में विम्बाजी राव और बलभद्राचार्य द्वारा स्थापित दूधाधारी मठ से उत्सव की परंपरा जुड़ी है। यह शहर के अन्य दशहरा उत्सव से इसे खास स्थान दिलाता है। दूधाधारी मठ का यह सांस्कृतिक उत्सव छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। बुधवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष मनोज वर्मा, संयोजक सुशील ओझा व सचिव अमित साहू ने दी।

## राज्यपाल ने लोहारीडीह मामले में मांगी रिपोर्ट

**रायपुर**। कवर्धा जिले के ग्राम लोहारीडीह अग्निकांड मामले में राज्यपाल रामेन डेका ने संज्ञान लिया है। राज्यपाल के अवर सचिव ने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर लोहारीडीह मामले में आवश्यक कार्यवाही करने और कार्रवाई के बाद छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग एवं राज्यपाल के सचिवालय को अवगत कराने का निर्देश दिया है। कवर्धा के लोहारीडीह हिंसा मामले में जेल बंद कैदियों से राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने 24 सितंबर को मुलाकात की थी, इसके बाद नायक ने आरोप लगाया कि जेल में बंद 33 महिलाओं को निर्वस्त्र करके पीटा गया है। महिलाओं के शरीर पर चोट के निशान हैं।

## चार नए जिला सहकारी बैंक शुरू करने की तैयारी

**रायपुर**। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि रिजर्व बैंक तथा नाबार्ड के मापदंडों का अनुपालन करते हुए छत्तीसगढ़ में चार नवीन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के गठन की प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है। महासमुंद तथा गरियाबन्द को मिलाकर नवीन बैंक, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा तथा शक्ति को मिलाकर एक नवीन बैंक, कांकेर तथा नारायणपुर को मिलाकर नवीन सहकारी बैंक एवं रायगढ़, जशपुर व सारंगढ़ मिलाकर नवीन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खोले जाएंगे।

## दिवाली के लिए शहर को करें कचरामुक्त

**भिलाई**। जन जागरण फोरम ने दिवाली के पूर्व शहर में जमीनी स्तर पर सफाई अभियान चलाने की मांग नगर निगम से की है। फोरम सह सचिव सुदेश चंद्राकर ने बताया कि त्योहार के समय भी निगम क्षेत्र यानी पटरीपार और टाउनशिप गंदगी से पटा पड़ा है। राधिकानगर से खुर्सीपार तक नालियां और सड़को चौराहों पर भारी अस्वस्छता है। बीएसपी के क्षेत्र टाउनशिप में भी कचरा यहां वहां फैला हुआ है। नियमित सफाई नहीं हो रही है।

# टीबी मरीजों की पोषण राशि होगी दोगुनी, एक नवंबर से खाते में हर महीने एक हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टीबी संक्रमण से जूझ रहे मरीजों की पोषण राशि दोगुनी कर दी गई है। एक नवंबर से पंजीकृत मरीजों के खाते में हर महीने पांच सौ के बजाए एक हजार रुपए जमा कराया जाएगा। इसके साथ ही शारीरिक रूप से ज्यादा कमजोर पाए जाने वाले मरीजों को पोषण के लिए अतिरिक्त प्रोटीन किए जाने की योजना है। रायपुर जिले में टीबी के संक्रमित पंजीकृत मरीजों की संख्या 54 सौ और राज्य में 29 हजार से ज्यादा है। इनमें 20854 को एनपीवाय मिल गया है। जनवरी 2023 से 30 सितंबर 2024 तक 9461 निक्षय मित्र पंजीकरण किया गया है।

जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा टीबी मरीजों को उपचार अवधि के दौरान पोषण राशि के रूप में पांच सौ रुपए का भुगतान किया जाता है। यह राशि सीधे उनके खाते में ट्रांसफर की जाती है कुछ समय पहले इस राशि को दोगुनी करने का फैसला लिया गया था जिसे एक नवंबर से लागू करने का आदेश जारी कर दिया गया है। केंद्र के निर्देश पर एक नवंबर से दोगुनी पोषण राशि छत्तीसगढ़ के मरीजों को भी प्राप्त होगी।

छत्तीसगढ़ को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है इसके तहत बड़े स्तर पर अभियान चलाकर लोगों की जांच की जा रही है और संक्रमित पाए जाने वाले मरीजों को निशुल्क उपचार के साथ शासन द्वारा अन्य सुविधाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। पोषण राशि के अलावा उन मरीजों को निक्षय मित्र योजना के तहत दो महीने के लिए अतिरिक्त प्रोटीन भी उपलब्ध कराया जाएगा जो शारीरिक रूप से ज्यादा कमजोर है।

### शारीरिक रूप से कमजोर संक्रमितों को अतिरिक्त प्रोटीन उपलब्ध कराने की योजना

**एआई तकनीक से 3200 की जांच**

टीबी की रोकथाम के लिए मरीजों को छह माह तक विभिन्न योजनाओं के तहत सुविधा प्रदान की जाती है। रायपुर जिले के नोडल अफसर डॉ. अविनाश चतुर्वेदी ने बताया कि एआई तकनीक से टीबी संक्रमितों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। रायपुर जिले में अब तक इस तकनीक की मदद से 3200 लोगों की जांच की गई है जिसमें से 18 सौ के स्वाब टेस्ट के लिए भेजे गए है और चार की रिपोर्ट पॉजिटिव आ चुकी है। एआई के माध्यम से फेफड़े के एक्सरे के लिए विभिन्न स्थानों में शिविर लगाए जा रहे हैं।



**गाइडलाइन का इंतजार**

एक नवंबर से टीबी मरीजों को एक हजार रुपए पोषण राशि देने की तैयारी है। इसके लिए तकनीकी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। टीबी संक्रमितों को अतिरिक्त प्रोटीन के साथ परिवार को निक्षय मित्र योजना के तहत कवरेज करने के मामले में केंद्र सरकार से विस्तृत गाइडलाइन मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

- **डॉ. खेमराज सोनवानी**, नोडल अफसर, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम

## बंदियों को जेल प्रबंधन फलाहार में उपलब्ध करा रहा दूध, केला

# देवी भक्ति में डूबा रायपुर सेंट्रल जेल, पौने आठ सौ बंदी कर रहे नवरात्रि उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेंट्रल जेल रायपुर इन दिनों देवी भक्ति से सराबोर है। जेल के बंदी मां दुर्गा की पूजा करने के साथ ही नवरात्रि के अवसर पर व्रत कर रहे हैं। उपवास करने वाले बंदियों के लिए जेल प्रशासन ने विशेष इंतजाम किया है। बंदियों को फलाहार के रूप में दूध के साथ केला दिया जा रहा है।

- जेल के बंदियों ने मूर्ति बनाने के साथ पंडाल सजाया

जेल सुपरिटेंडेंट अमित शांडिल्य के मुताबिक जेल में स्थापित दुर्ग प्रतिमा जेल के बंदियों ने बनाई है। साथ ही पंडाल सजाने का काम जेल के बंदियों ने किया है। जेल सुपरिटेंडेंट के अनुसार जेल में रह रहे पौने आठ सौ बंदियों ने नौ दिनों तक नवरात्रि व्रत रखने का संकल्प लिया है। व्रती बंदियों के लिए जेल प्रशासन फलाहार के रूप में दूध के साथ केला उपलब्ध करा रहा है। जेल सुपरिटेंडेंट के अनुसार सुबह जेल के बंदी स्नान ध्यान करने के बाद देवी मां की पूजा अर्चना करने के बाद जसगीत गाते हैं। पूजा के समय सभी वर्ग के बंदी उपस्थित रहते हैं।



**एक महीना पहले से जुटे थे तैयारी में**

जेल प्रशासन के मुताबिक जेल में सभी धर्मों के पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। पर्व के अवसर बंदियों को उनके मनपसंद पकवान परोसे जाते हैं। जेल अफसरों के मुताबिक गणेशोत्सव के समय से ही जेल में बंदियों द्वारा दुर्गा स्थापना का निर्णय लिया था। इसके लिए जेल प्रशासन ने बंदियों को जरूरत के हिसाब से संसाधन उपलब्ध कराने का काम किया।

**बंदियों ने बनाई मूर्ति**

जेल प्रशासन के मुताबिक जेल के बंदियों ने गणेशोत्सव के समय से ही दुर्गा प्रतिमा निर्माण का काम शुरू कर दिया था। प्रतिमा बनाने जेल प्रशासन ने मिट्टी उपलब्ध कराने के साथ ही अन्य साजो सामान उपलब्ध कराया। प्रतिमा में जो रंग रोगन किए गए हैं, वह ईको फ्रेंडली कलर है।

**जेल के तालाब में मूर्ति विसर्जन**

जेल प्रशासन के अनुसार शुक्रवार को हवन करने के बाद दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन जेल में बने तालाब में किया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन के बाद नवरात्रि का उपवास कर रहे बंदियों को फलाहार वितरण किया जाएगा। साथ ही जेल में बंद बंदियों को प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## छूटे हितग्राहियों का केवाईसी-नवीनीकरण करने के साथ जमा करें डीडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य विभाग के अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने राशन दुकान संचालकों की बैठक लेकर निर्देश दिए हैं कि उनकी राशन दुकानों में पंजीकृत छूटे हुए कार्ड धारकों का नवीनीकरण एवं ई-केवाईसी का काम जल्द से जल्द पूर्ण करें। इस दौरान उन्होंने खाद्यान्न के बदले समय पर डीडी जमा करने के भी निर्देश दिए हैं।

- खाद्य विभाग अधिकारी ने दुकान संचालकों की बैठक लेकर दिए निर्देश

खाद्य अधिकारी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के राशन दुकान संचालकों की अलग-अलग समय पर बैठक ली।



पहले रायपुर शहर के दुकान संचालकों की बैठक ली। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों के संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में सभी संचालकों को उनके दुकान में पंजीकृत कार्ड धारकों में नवीनीकरण एवं केवाईसी के छूटे हुए धारकों व सदस्यों के नाम की सूची लाने के लिए कहा गया था।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर में 86 बच्चों ने कराया चेकअप

**रायपुर**। आकांक्षा लायंस इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एंपावरमेंट द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर एक बड़ी सफलता रहा। इस शिविर में बड़ी संख्या में 86 बच्चों ने भाग लिया। शिविर में बच्चों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जांच और उपचार प्रदान किया गया। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने आकांक्षा संस्थान के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह के शिविरों से विशेष बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। आकांक्षा संस्थान के निदेशक साधना नायक ने कहा, हम इस शिविर की सफलता से बहुत खुश हैं। इस शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश अग्रवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप वर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निशांत पटेल, कान-नाक-गला विशेषज्ञ डॉ. नीति वर्मा, त्वचा विशेषज्ञ डॉ. आदिति सिंह, दांतों के डॉक्टर डॉ. मोहित मानिक और रक्त जांच विशेषज्ञों ने अपनी सेवा दी।

## तीन दिन की सरकारी छुट्टी के बीच मरीजों को दशहरा के दिन मिलेगी ओपीडी की सुविधा

**रायपुर**। शुक्रवार से लगातार तीन दिन की सरकारी छुट्टी के बीच आंबेडकर और डीके अस्पताल के मरीजों को विजयादशमी के दिन ओपीडी में जांच की सुविधा मिलेगी। शनिवार को सुबह 10 से दोपहर बारह बजे तक मरीज दोनों अस्पतालों में आकर अपनी जांच करवा सकेंगे। अवकाश के दौरान मरीजों को इमरजेंसी की सुविधा मिलती रहेगी।

नियम के मुताबिक सरकारी अस्पतालों में होने वाली ओपीडी को लगातार तीन दिनों तक बंद नहीं किया जा सकता। अभी 11 अक्टूबर शुक्रवार को महानवमी, 12 अक्टूबर शनिवार को विजयादशमी फिर 13 अक्टूबर को रविवार अवकाश रहेगा। लगातार तीन दिवस के सरकारी अवकाश की वजह से शनिवार दशहरे के दिन पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित आंबेडकर अस्पताल और डीके सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में शनिवार विजयादशमी के दिन दो घंटे ब्राह्य रोग विभाग में मरीजों को जांच की सुविधा दी जाएगी। सुबह दस से दोपहर 12 बजे तक मरीज अस्पताल आकर अपनी आवश्यक जांच करा सकेंगे। इसके बाद रविवार को पुनः अवकाश रहेगा।

## 4 यूनिट सोलर ऊर्जा के उत्पादन से प्रतिमाह 3 सौ यूनिट बिल की होगी बचत



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के नवनियुक्त अध्यक्ष डा. रोहित यादव ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में कार्यपालन अभियंता मनोज वर्मा सहित कार्यपालन एवं सहायक अभियंता मौजूद रहे। बैठक में अध्यक्ष ने केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना एवं वर्तमान सोलर कनेक्शन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि 4 यूनिट सोलर ऊर्जा के उत्पादन से 3 सौ यूनिट बिल की बचत होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार करें, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। रोहित यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत उपभोक्ता को लगभग 3 किलोवॉट पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी का प्रावधान है। इस तरह प्रति किलोवॉट लगभग 4 यूनिट उत्पादन से प्रतिमाह 3 सौ यूनिट बिल की भी बचत होगी। बैठक में मौजूद अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी दी। उन्होंने रायपुर शहर में वर्तमान में सोलर कनेक्शन की प्रगति की समीक्षा की तथा राज्य में सबसे अधिक कनेक्शन दिए जाने की जानकारी दी। बैठक के अंत में रोहित यादव एवं मनोज वर्मा ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री की जीरो पॉवर कट का भी संकल्प दिलाया।

- छग राज्य विद्युत कंपनी के अध्यक्ष रोहित यादव ने की पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा

## केंद्रीय यूनियनों ने सेलव्यापी आंदोलन का लिया निर्णय

# बोनस पर सेल प्रबंधन के एकतरफा निर्णय से कर्मचारियों में बढ़ा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बोनस को लेकर सेल प्रबंधन के एकतरफा निर्णय और कर्मचारियों की लंबित अहम समस्याओं पर उच्च प्रबंधन की उदासीनता से सेल कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। सभी केंद्रीय यूनियनों द्वारा अब तीन चरणों के तहत सेल व्यापी आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत पहले भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) की सभी यूनिटों में धरना दिया जाएगा। इसके बाद सीधे हड़ताल की जाएगी। हड़ताल को सफल बनाने यूनियनों द्वारा कर्मचारियों को जागरुक किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस साल कम सालाना बोनस भुगतान किए जाने से बीएसपी सहित समूचे सेल कर्मियों में मायूसी है। सेल प्रबंधन द्वारा एततरफा निर्णय लेते हुए मात्र 26 हजार 5 सौ रुपए बोनस निर्धारित कर सभी यूनिटों में कर्मचारियों के खाते में डाल दी गई है। त्योहार होने के कारण कई कर्मचारी राशि का निकालकर खर्च भी कर रहे हैं। बिना एनजेसीएस यूनियनों की सहमति के प्रबंधन के इस बोनस खाते में डालने के कदम और अधूरे वेतन समझौता को पूर्ण करने, 39 महीने के लंबित एरियर्स, ठेका मजदूरों का वेतन समझौता व बोनस की मांग व आरआईएनएल सहित इस्पात उद्योगों के निजीकरण के खिलाफ से नाराज यूनियनों ने एकजुटता से विरोध तेज करने का निर्णय लिया है। बुधवार 9 अक्टूबर को एनजेसीएस यूनियनों की हुई आनलाइन बैठक में इन मांगों को लेकर 14 अक्टूबर को बीएसपी सहित सेल की सभी यूनिटों में धरना दिए जाने और इसके बाद 28 अक्टूबर को सेलव्यापी हड़ताल किए जाने का निर्णय लिया गया । इसके पूर्व पांच अक्टूबर को प्रदर्शन किया गया था। यहां मुर्गा चौक पर संयुक्त यूनियन व लोकर यूनियनों ने प्रदर्शन किया था।



**एकतरफा बोनस व लंबित एरियर्स के लिए दबाव**

गौरतलब हो कि एक अक्टूबर को दिल्ली में बोनस को लेकर हुई एनजेसीएस की बैठक बेनतीजा समाप्त हो गई थी। बैठक में यूनियनों ने एकस्वर में 40,500 बोनस की मांग की लेकिन प्रबंधन ने बोनस फार्मूला के अनुरुप मात्र 26,500 रुपए का आफर दिया, जिसे यूनियनों ने ठुकरा दिया था। 2 अक्टूबर को एनजेसीएस यूनियनों की बैठक में 40,500 बोनस को जायज मांग बताते हुए लंबित अपूर्ण वेतन समझौता व एरियर्स आदि मांगों के लिए चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया था। यूनियनों के मुताबिक इस दौरान प्रबंधन के सीधे कर्मियों के खाते में 26,500 बोनस की राशि डाले जाने का यूनियनों व कर्मियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। एनजेसीएस सदस्य व इंटक के महासचिव वंश बहादुर सिंह ने बताया कि बोनस व लंबित वेतन समझौता व एरियर्स को लेकर कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। मांगों को लेकर धरने व हड़ताल की जाएगी।

**सेल मे 28 अक्टूबर को होगा हड़ताल**

अलग-अलग इकाइयों से यूनियन नेताओं के सुझाव को देखते हुए एवं झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के कारण बोकारो में नवंबर में आचार संहिता लागू होने की संभावना व राउरकेला और सेलम स्टील प्लांट में नवंबर महीने में मान्यता के लिए होने वाले चुनाव को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि दीपावली से पहले ही हड़ताल किया जाए । इस पर सभी यूनिट के नेताओं से राय ली गई । जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि 28 अक्टूबर को एक दिवसीय हड़ताल किया जाए । साथ ही 14 अक्टूबर को एक दिवसीय धरना करने का निर्णय लिया गया।

## तबादले के बाद भी विभाग में जमे अधीक्षक और आधा दर्जन आरआई

**दुर्ग**। राज्य शासन द्वारा जिला मुख्यालय स्थित भू अभिलेख शाखा के अधीक्षक सहित आधा दर्जन आरआई का तबादला कर दिया गया है। तबादले के बाद इन्हे रिलिव भी किया जा चुका है, इसके बाद भी पिछले पखवाडेभर से अधीक्षक और आरआई पुराने पदों में जमे हुए है। हालात यह है कि, उनके जगह आए नए अधिकारियों को पदभार नही मिल पा रहा है। जिसके चलते पूरी प्रशासनिक कामकाज ठप हो गई है।

तबादले के बाद ऐसे अधिकारी कोर्ट से स्टे लेने की फिरा में है। लेकिन कोर्ट ने किसी को भी स्टे नही दिया है। कुछ लोग कोर्ट की शरण में गए थे, लेकिन उन्हें कोर्ट ने राज्य शासन के समक्ष अभ्यावेदन लेने कहा गया है। ऐसे में अभ्यावेदन को तबादला रोकने का हथियार बनाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है, जो गलत हैं। मिली जानकारी अनुसार सितंबर माह में ही राज्य शासन द्वारा दुर्ग भू राजस्व के अधिकरियों का तबादला आदेश जारी कर दिया गया है। लेकिन घात लगाए अफसर अपनी एप्रोच लगाने पूरा जोर डाल रहे है। उतर तक पहुंच बताकर पिछले पखवाडेभर यहां जमे है। मजाल हैं कि, राजस्व के प्रभारी अधिकारी और जिला प्रशासन कुछ एक्शन ले सके।

## जर्जर हैं सड़कें, गड्ढों से हो रही परेशानी, जलभराव से व्यवसायी परेशान

# त्योहारी सीजन में उपेक्षा का दंश झेल रहा लक्ष्मीनगर मार्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

त्योहार के मौसम में जब शहर के बाजारों में रौनक आने वाली है, पटरीपार का दूसरा सबसे बड़ा मार्केट लक्ष्मीनगर सब्जी मार्केट सालों से उपेक्षा का दंश झेल रहा है। नगर निगम और जन प्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण यह बाजार गंदगी और बदबू का पर्याय बनकर रह गया है। बुनियादी सुविधाएं बदहाल हैं। इसका खामियाजा व्यवसायियों और खरीदारी करने आने वाले हजारों लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

सुपेला चौक से लगा लक्ष्मीनगर सब्जी मार्केट अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। यह पावरहाउस सब्जी बाजार के बाद दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। रोज यहां पटरीपार के अलावा टाउनशिप के लोग भी सब्जी खरीदने आते हैं। रविवार को साप्ताहिक बाजार भी लगता है। लेकिन यहां वर्षों से काई की तरह जमी बुनियासी समस्याओं के चलते व्यवसायियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नगर निगम की अकर्मण्यता से यह मार्केट किसी ट्रेंचिंग ग्राउंड की तरह नजर आता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सड़क,नाली, गंदगी, पेयजल, बिजली, प्रसाधन, आवारा मवेशियों और सूअरों का जमघट तथा दलदली और जलभराव जैसी समस्याओं से व्यवसायियों का व्यवसाय करना और ग्राहकों को खरीदारी करना मुश्किल हो रहा है। गौरतलब हो कि लक्ष्मीनगर मार्केट व आखेट मार्केट का निर्माण 1992 में साडा ( विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण) द्वारा तत्कालीन साडा अध्यक्ष सत्यनाराण अग्रवाल के कार्यकाल में हुआ था। लेकिन नगर निगम के बनते ही इस मार्केट की बदहाली बढ़ने लगी। व्यवसायियों ने बताया कि शिकायत करते करते थक लेकिन मार्केट का संधारण व नियमित साफ सफाई नहीं की जा रही है। सड़के जर्जर व गड्ठों व बोल्डरों से भरी पड़ी है। पैदल चलते चप्पल टूट जाती है। बारिश में यह सड़क नाली बनी रही। सब्जियां तैरती रहती हैं। जगह जगह जलभराव की समस्या से आवाजाही व व्यसाय करने में दिक्कतें बढ़ती हैं। नाली टूट चुकी है और जो है वह बजबजा रही है। यहां प्रसाधन भी अस्तित्व खो चुका है, जिससे लोगों को भटकना पड़ रहा है। व्यवसायियों ने दुर्घटनाएं रोकने व आवाजाही में सुगमता के लिए सड़कों का कांक्रीटीकरण किए जाने की मांग की है। पेयजल की भारी समस्या होने से व्यवसायी अपने घर से पानी लेकर आते हैं।



**आवारा मवेशी चोटिल कर रहे**

मार्केट में भारी गंदगी और बदबू से लोग मुंह व नाक पर रुमाल रखकर सब्जी खरीदते हैं। कई महिलाएं भी दलदली व गंदगी के पास बैठकर सब्जी बेचने मजबूर हैं। बाजार की कई दुकानें और गोदमा टूट चुके हैं। कई के शटर सड़ चुके हैं। अंदरुनी इलाके में भारी दलदली है। आवारा मवेशी व सूअर कीचड़ में लोटते रहते हैं। आवारा मवेशी कई लोगों को चोटिल कर चुके हैं। पसरा दुकानों की सब्जियों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। व्यवसायियों ने बताया कि यहां कभी भी नगर निगम का मवेशी पकड़ने वाली टीम नहीं आती है। नगर निगम प्रशासन व जन प्रतिनिधियों को इस बाजार के कायाकल्प के लिए अपनी सक्रियता और जागरुकता दिखाने की जरुरत है।

## ठंड में मैत्रीबाग की बढ़ेगी रौनक पर्यटकों के लिए संवर रहा चिड़ियाघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ठंड के मौसम में मैत्रीबाग जू में पर्यटकों की रौनक बढ़ जाएगी। इसे देखते हुए प्रबंधन ने तैयारी शुरु कर दी है। साफ सफाई के साथ मनोरंजन के संसाधनों को भी अपडेट किया जा रहा है। इनके अलावा मौसमी फूलों के उद्यानों की भी संवारा जा रहा है। मैत्रीबाग में सबसे अधिक सैलानी सर्दी के मौसम में ही आते हैं।

चार महीने के बरसात के मौसम के दौरान मैत्रीबाग में पर्यटकों की आमद कम रही। सामान्य दिनों के बजाए बारिश में इनकी संख्या ही रहती है। इस साल वर्षा अधिक होने के कारण भी लोग कम आए। अब ठंड का मौसम दस्तक दे रहा है। इसे देखते हुए जू प्रबंधन ने ठंडी में पर्यटकों की बढ़ने वाली आमद को देखते हुए मैत्रीबाग को संवारना शुरु कर दिया है। बारिश के दौरान फेले मानसूनी खरपतवारों आदि की सफाई और झाड़ियों की कटाई की जा रही है। झील, प्रगति मीनार के आसपास और कैंटीन के इर्द गिर्द आदि में सफाई की जा रही है। वन्य प्राणियों के कैज और एनक्लोजर को भी अधिक नीट एंड क्लीन किया जा रहा है। इसके साथ ही लंबे समय से बंद पड़े म्यूजिकल फाउंटेन को भी जल्द रिपेयर किए जाने की तैयारी है। पच्चीस साल पुराना यह आकर्षक फाउंटेन पिछले कुछ साल से बिगड़ा पड़ा है। म्यूजिकल फाउंटेन देखने दूर दूर से लोग आते थे। इसके चालू हो जाने से पर्यटकों के मनोरंजन के साथ मैत्रीबाग का राजस्व भी बढ़ेगा। इसी तरह बच्चों की रेलगाड़ी भी बिगड़ी पड़ी है । पर्यटकों ने बताया कि बच्चों के सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र बेबी ट्रेन के चालू हो जाने से मैत्रीबाग की रौनक और बढ़ जाएगी।

## खबर संक्षेप



### खल्लारी मंदिर में माता श्रृंगार के साथ दिए दर्शन

**बिरकोनी।** शारदीय नवरात्र पर ग्राम बिरकोनी के खल्लारी पारा स्थित मां खल्लारी मंदिर में ज्योति कलश स्थापना की गई है। यहां सुबह शाम वार्डवासियों और श्रद्धालु भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में रंगोली सजा कर पूजा अर्चना आरती में शामिल हो रहे हैं। रात्रि 9 बजे से व्रतधारी बालिका व महिला एकत्रित होकर सेवा गीत जसगीत के साथ भजन कीर्तन किया जा रहा । हर रोज माता के श्रृंगार रूप में दर्शन दिया जा रहा हैं। समिति के सदस्य केशव साहू ने बताया कि शुक्रवार को 9 बजे नवमी हवन माता श्रृंगार, पूर्णाहुति की जाएगी।

### महाराष्ट्र मंडल में गरबा समारोह आज

**रायपुर।** नवरात्रि के अवसर पर चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में 11 अक्टूबर को अष्टमी पूजा के बाद रात्रि 8 बजे एक दिवसीय गरबा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उपाध्यक्ष गीता दलाल के मुताबिक मंडल के आजीवन सभासदों के भारी मांग के चलते महाराष्ट्र मंडल में गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी दौरान महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने सभी 16 केंद्रों की संयोजिकाओं, सह संयोजिकाओं, विभिन्न समितियों के प्रमुखों, सह प्रमुखों और सभी कार्यकारिणी सदस्यों को न केवल गरबा उत्सव में आमंत्रित किया है, बल्कि अपनी-अपनी टीमों को भी आयोजन स्थल पर लाने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र मंडल में गरबा पारंपरिक परिधान में किया जाएगा। यह कार्यक्रम में महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में होगा।

### रेप का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज थाने की पुलिस ने युवती की शिकायत पर शादी करने का झांसा देकर रेप तथा ब्लैकमेल करने के आरोपी को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक युवती से रेप तथा ब्लैकमेल करने के आरोप में मध्यप्रदेश, रींवा निवासी सुजीत कुमार सेन को गिरफ्तार किया गया है। युवती ने पुलिस को बताया है कि सुजीत ने उसके साथ शादी करने का झांसा देकर रेप किया। शादी के लिए दबाव बनाने पर सुजीत ने उसकी अश्लील फोटो वायरल कर ब्लैकमेलिंग की।

### हेरोइन चिट्टा के साथ तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** आमानाका थाने की पुलिस ने पंजाब के तीन लोगों को हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार ग्राम हेरोइन चिट्टा के साथ इलेक्ट्रिक तराजू जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक पंजाब, तरण तारण निवासी आकाशदीप सिंह, हरप्रीत सिंह उर्फ प्रीत तथा अवतार सिंह उर्फ तारा के कब्जे से पुलिस ने हेरोइन चिट्टा जब्त किया है। पुलिस ने तीनों को एक होटल से गिरफ्तार किया है।

### किराया सूची चस्पा नहीं करने वाले 76 बस मालिकों के खिलाफ कार्रवाई



**रायपुर।** बसों में किराया सूची चस्पा नहीं करने वाले 76 बस मालिकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही लोकल तथा लंबी दूरी के लिए यात्रा करने वालों की बसों में आवाजाही शुरू हो जाती है। लंबी दूरी की यात्रा को लेकर यात्रियों के साथ बस कंडक्टर के साथ टिकट किराया को लेकर अक्सर विवाद की स्थिति निर्मित होती है। यात्रियों से अधिक किराया वसूली की शिकायत मिलने पर बसों में अनिवार्य रूप से किराया सूची चस्पा करने परिवहन विभाग ने निर्देश दिए हैं।

# महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी बनाने बनाए जाएंगे महतारी सदन : सुधा

## विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रयास से तीन ग्रामों में बनेंगे महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने भाजपा सरकार द्वारा महतारी सदन योजना की शुरूआत की जा रही है। इस योजना के तहत प्रत्येक ब्लाक में 10-10 महतारी सदन बनाए जाएंगे। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने कहा कि इसके माध्यम से ग्रामीण महिलाएं सुरक्षित रूप से रोजगार कर आत्मनिर्भर बन पाएंगी। सुधा ने कहा कि शुरूआत में प्रदेश भर के लिए 179 महतारी सदन बनाने की स्वीकृति मिल चुकी है।



योजना की शुरूआत विधानसभा में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के द्वारा ग्राम झलप, पटेवा व ग्राम खट्टी से हो रही है। शुरूआत में उक्त तीन पंचायतों में सदन निर्माण किया जाएगा। भविष्य में और भी पंचायतों में महतारी सदन की स्वीकृति मिलेगी। सुधा ने कहा कि इन सदनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। महिलाएं अपने घर के पास ही रह कर कार्य कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि महतारी सदन से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में उम्मीद की नई किरण जागेगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महतारी सदन योजना मिल का पत्थर साबित होगी। महतारी सदन योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत यह स्वीकृति प्रदान की गई है। विष्णुदेव साय सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी।

# पाणिग्राही नवभारत साक्षरता के लिए दुर्ग जिले के एंबेसेडर मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

साक्षर भारत, पर्यावरण, स्वच्छता, समाज सेवा, मतदाता जागरुकता, विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यक्रमों में सतत भागीदारी के चलते डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही को साक्षरता मिशन प्राधिकरण जिला दुर्ग द्वारा दुर्ग जिले का उल्लास नवभारत साक्षरता का एंबेसेडर मनोनीत किया गया तथा दुर्ग में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षक अलंकरण गौरव सम्मान एवं उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के दौरान दुर्ग (शहर) विधायक गजेंद्र यादव एवं दुर्ग (ग्रामीण) विधायक ललित चंद्राकर ने डॉ पाणिग्राही को साक्षरता एंबेसेडर का सेस (सम्मान पट्टिका) पहनाकर अभिनंदन किया।



डॉ पाणिग्राही ने कहा कि 2010 से 2012 के बीच साक्षर भारत कार्यक्रम के दौरान मैं स्वयं की परिकल्पना से साक्षर भारत का गमछा बनाकर उसे गले में पहनकर महासमुंद जिला एवं बागबाहरा विकासखंड के गांव-गांव जाता था। वेशभूषा तथा एक्टिवा को भी उसी तरह सजाया। नवाचारी वेशभूषा पहने देख अनेक लोग मजाक उड़ाया करते थे, पागल हो गया है बोलते थे। मैं तनिक भी विचलित नहीं हुआ और साक्षरता के लिए निरंतर जुटा रहा। अनेक बार संवेदनशील गांव में भी गया। तत्कालीन कलेक्टर अलरमेल मंगई डी एवं आर संगीता के मार्गदर्शन में जिला परियोजना अधिकारी डीएस चौहान, एपीओ रेखराज शर्मा के दिशा निर्देश एवं मैदानी स्तर पर बीपीओ विजय शर्मा के साथ साक्षर भारत में भरपूर काम करने का अवसर मिला। गौरतलब है कि इसी दरम्यान सबकी सहभागिता एवं परिश्रम से बागबाहरा विकासखंड को साक्षरता का राज्यपाल पुरस्कार भी मिला। आज वही साक्षर भारत याने उल्लास नवभारत साक्षरता एंबेसेडर का सम्मान पट्टिका सेस पहनाकर सम्मान किया। इससे मैं अभिभूत हूं। दुर्ग जिले के साक्षरता एंबेसेडर मनोनित होने पर दुर्ग जिले के कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी, नोडल अधिकारी पुष्पा पुरुषोत्तम सहित शिक्षा अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं कर्तव्य बोध से परिपूरित हूं। साथ ही संकल्पित हूं कि उल्लास नवभारत साक्षरता में मुझे बहुत कुछ सेवाएं देनी है। दुर्ग जिले को पूर्ण साक्षर जिला बनाने में श्रेष्ठ सहभागिता के लिए तैयार हूं।

# दक्षिण के दंगल में दुर्ग और राजनांदगांव के नेताओं की एंट्री

## कहा- बाहरी नेताओं को हम पर थोपा, हमें भी दो टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक जिले के नेताओं को दूसरे जिलों में खूब टिकट दिया। अब रायपुर दक्षिण उपचुनाव में इसका साइड इफेक्ट कांग्रेस को ही भारी पड़ता नजर आ रहा है। राजनांदगांव और दुर्ग के कांग्रेस नेताओं ने भी रायपुर दक्षिण सीट पर दावेदारी ठोंक दी है। राजनांदगांव के सीनियर नेताओं ने डॉ. आफताब आलम को टिकट दिलाने के लिए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी चीफ दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और पूर्व सीएम भूपेश बघेल से मिलकर टिकट की मांग की है।

- पायलट, बैज, महंत, भूपेश से मिलकर की राजनांदगांव के नेता को टिकट की मांग

वहीं कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे मोतीलाल वोरा के भतीजे एवं अमृत संदेश के प्रधान संपादक गोविंद वोरा, रायपुर के पुत्र राजीव वोरा ने भी दक्षिण के दंगल में दावा ठोंक दिया है। राजनांदगांव के नेताओं ने कहा है कि तीन बार वहां बाहर के नेताओं को टिकट दिया गया। तब सभी नेताओं ने तन, मन, धन से कांग्रेस के पक्ष में काम किया। अब राजनांदगांव के नेता को भी रायपुर दक्षिण में अवसर मिलना चाहिए। दूसरी ओर बाहरी नेताओं की दावेदारी ने दक्षिण के स्वाभाविक दावेदारों के बीच खलबली मचा दी है।



### तो हमें रायपुर से टिकट क्यों नहीं?

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री और राजनांदगांव के कद्दावर नेता कुतुबुद्दीन सोलंकी का कहना है कि अब तक करुणा शुक्ला, गिरीश देवांगन और भूपेश बघेल राजनांदगांव से चुनाव लड़ चुके हैं। तीनों बार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत किया। रायपुर दक्षिण में अल्पसंख्यक समाज के वोट काफी अधिक हैं। ऐसे में डॉ. आफताब आलम को रायपुर दक्षिण से टिकट दिया जाना चाहिए।

### बाहरी पर जुबानी जंग भी

रायपुर दक्षिण में बाहरी नेताओं की दावेदारी को लेकर जुबानी जंग भी छिड़ गई है। कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि कांग्रेस किसी को भी लड़ा ले, उसकी हार तय है। दूसरी ओर पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कहा कि टिकट की दावेदारी का हक सबको है। पार्टी जिताऊ प्रत्याशी को ही मैदान में उतारेगी। किसे टिकट देना है, इसका फैसला हाईकमान करेगा।

### बाहरी दावेदार भाजपा में भी कम नहीं

रायपुर दक्षिण में बाहरी दावेदारों की एंट्री कांग्रेस में तो अभी हुई है, लेकिन भाजपा में बाहर के नेताओं की कमी नहीं है। संजय श्रीवास्तव, मीनल चौबे, अमित साहू, केदार गुप्ता भी दक्षिण विधानसभा के बाहर के हैं और वे भी मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। चूंकि भाजपा ने भी कुछ सीटों पर बाहरी प्रत्याशी लड़ाए हैं। इसलिए इन दावेदारों की उम्मीदें भी काफी अधिक है।

# छत्तीसगढ़ में 36 दिन में बने 36 लाख भाजपा सदस्य

## जहां नेटवर्क नहीं वहां ऑफलाइन बनाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व-सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक व प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने कहा, 36 दिनों में छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के 36 लाख सदस्य बनाए जा चुके हैं। भाजपा के सदस्यता अभियान को प्रदेशभर में जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। जो लोग ऑनलाइन सदस्य नहीं बन पा रहे हैं, उनकी मांग को देखते हुए अब ऑफलाइन सदस्य बनाने का अभियान भी युद्धस्तर पर चल रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का उत्साह देखकर यह लग रहा है कि आने वाले कुछ ही दिनों में 50 लाख से अधिक सदस्य बना लिए जाएंगे।

- जल्द पार करेंगे 50 लाख की संख्या

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा ने विशेष अभियान भी चलाकर सदस्यता के लक्ष्य की प्राप्ति में बड़ी छलांग लगाई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा समेत प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, सांसद-विधायक, पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचकर सदस्यता के लक्ष्य को पार करने में लगातार जुटे हुए हैं। सदस्यता अभियान को और तेज गति देने के लिए 6 और 7 अक्टूबर को एक बार पुनः विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें प्रदेश में 4 लाख सदस्य बनाए गए। अब तक ऑनलाइन सदस्य बनाने के बाद अब छत्तीसगढ़ में अब ऑफलाइन फॉर्म भरकर भी लोगों को सदस्य बनाया जा रहा है। प्रदेश में अब तक भाजपा के 36 लाख सदस्य बनाए जा चुके हैं।




### भाजयुमो की 20 रथ यात्राएं

इधर सदस्यता को गति प्रदान करने प्रदेश के सभी पांच संभागों से भारतीय जनता युवा मोर्चा की 20 रथ यात्राएँ प्रारंभ हो चुकी हैं। पार्टी के सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों को भी अभियान की सफलता के लिए लक्ष्य सौंपकर जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा, नमो एप, वेब साइट की लिंक, रेफरल लिंक और मिस्ड कॉल के जरिए सदस्यता अभियान को गति देने के बाद पार्टी कार्यकर्ता पूरे समर्पण के साथ जिन क्षेत्रों में नेटवर्क नहीं है या जिन लोगों को ऑनलाइन सदस्य नहीं बनाया जा सक रहा हो, वहाँ घर-घर सम्पर्क कर ऑफलाइन सदस्यता के अभियान में जुट गए हैं।

### हर मंडल में बनेंगे सक्रिय सदस्य

भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक श्री सिंहदेव ने कहा कि इसी के साथ पार्टी के सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान भी शुरू होने जा रहा है। प्रत्येक मंडल में 200 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। सक्रिय सदस्यता अभियान के लिए भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव को प्रदेश प्रभारी बनाया गया है।

# हरियाणा में कांग्रेस के जलेबी ऑर्डर पर केदार ने कसा तंज, कहा- शपथ में खिलाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शानदार जीत की साथ सत्ता की 'हैट्रिक' लगाई है। परिणाम आने से पहले कांग्रेस ने जीत की उम्मीद के साथ जलेबी का ऑर्डर दिया था, इसे लेकर वन मंत्री केदार कश्यप ने तंज कसते हुए विपक्ष की कांग्रेस को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया है।

- कांगेस के लिए देश में नेता खोजना मुश्किल हो गया

उन्होंने कहा, कांग्रेस पिछले 15 वर्षों से लगातार मिठाइयों का ऑर्डर दे रही है, लेकिन ऑर्डर उठा नहीं पा रही है। उनका काम नहीं चल पा रहा है, उनके नेता नहीं चल पा रहे हैं। उन्होंने इस बार भी जलेबी का आर्डर दिया था, लेकिन जलेबी भी नहीं चल पाई।

### पूर्व मंत्री भगत पर ली चुटकी

छत्तीसगढ़ में 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले अमरजीत भगत ने भी हार पर मूंछ मुंडवाने का दावा किया था। मंत्री केदार कश्यप ने चुटकी लेते हुए कहा, मूंछ कटवाने की बात हुई थी, बाद में पता चला कि मूंछ छंटवाया है। जिनकी मूंछ को जनता ने ही काट दिया है, वो तो अब मूंछ दिखाने के लायक भी नहीं रहे।



### शपथ ग्रहण समारोह में जलेबी खिलाएंगे

मंत्री कश्यप ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, हम आमंत्रित करते हैं, उनको मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण में आएं उस दिन उनको जलेबी खिलाएंगे। कांग्रेस के लोग बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे, उनके राष्ट्रीय प्रवक्ता कह रहे थे कि अपना नाम बदल लेंगे, अब पता नहीं कौन सा नाम रखेंगे।

### जम्मू-कश्मीर में हार को लेकर मंत्री कश्यप का बयान

वहीं उन्होंने जम्मू कश्मीर में आए परिणाम को लेकर कहा, हमारा जो परफॉर्मेंस था, उससे वहां वोट प्रतिशत बढ़ा है। भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। आने वाले समय में बेहतर काम करेंगे, क्योंकि जम्मू कश्मीर भारत का ही अंग है। नरेंद्र मोदी की जो भी योजनाएं हैं, उनका वहां कार्य नजर आया है।

### उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

उन्होंने रायपुर दक्षिण विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार चुने जाने को लेकर विपक्ष के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए देश में नेता खोजना मुश्किल हो चुका है। कांग्रेस के बड़े नेता ही सर दर्द बन चुके हैं।

# सहायक शिक्षक भर्ती की मांग, डीएड अभ्यर्थियों ने किया जल सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति नहीं देने से नाराज डीएड अभ्यर्थियों ने बुधवार को जल सत्याग्रह कर शासन का ध्यान आकर्षित कराया। इसके साथ ही चेतावनी दी कि कोर्ट के निर्देश का पालन नहीं होने पर इच्छा मृत्यु की मांग करेंगे। दरअसल, डीएड डिप्लोमा अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश अनुसार जल्द सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति देने की मांग का लेकर 2 अक्टूबर से नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए कुंड तैयार 3 दिनों तक चलेगा मूर्ति विसर्जन

**रायपुर।** दुर्गा मां की प्रतिमाओं का विसर्जन महादेव घाट पुलिया के पास निर्मित विसर्जन कुंड में किया जाएगा। 12 से 15 अक्टूबर तक प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला चलेगा। नगर निगम प्रशासन ने विसर्जन कुंड की सफाई करवाकर उसमें पानी भरने का काम पूरा करा लिया है। प्रतिमाओं के विसर्जन की प्रशासनिक व्यवस्था के लिए जोन कमिश्नरों की 3 पाली में डयूटी लगाई गई है। शहरभर के दुर्गा पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था में निगम प्रशासन जुट गया है। 3 दिनों तक दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कुंड में किया जाएगा। प्रशासनिक व्यवस्था के तहत निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने 12 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से 15 अक्टूबर की सुबह 6 बजे तक जोन कमिश्नरों सहित निगम अमले की तीन पाली में डयूटी लगाई है। जोन 8 कमिश्नर एके हालदार को विसर्जन स्थल पर लाइट, क्रेन, स्टेज, लाउड स्पीकर और साफ सफाई की व्यवस्था करवाने का जिम्मा दिया गया है।



# खम्हरिया में आयोजित दुर्गा पूजा में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

दुर्गा पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारकाधीश यादव विगत दिनों विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध ग्राम खम्हरिया पहुंचे। जहां विधायक यादव ने पूजा अर्चना की। साथ ही गांव में प्रतिष्ठित अन्य दुर्गा प्रतिमाओं के भी दर्शन किए। क्षेत्रवासियों सहित समूचे छत्तीसगढ़ के निवासियों की सुख-समृद्धि के लिए माता दुर्गा से प्रार्थना की। वही दुर्गोत्सव समिति द्वारा आयोजित मंचीय कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमुदाय को भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच मोहन ठाकुर, जनपद सदस्य धरम दीवान, जनपद सदस्य थान सिंह दीवान, रेखा लाल चंद्राकर, नरेंद्र सिन्हा, बलदाऊ यादव, सेवाराम साहू, परमानंद सिन्हा, राजेश सिन्हा सहित दुर्गा उत्सव आयोजन समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


## खबर संक्षेप

### डिप्टी कलेक्टर शुभम देव नोडल अधिकारी नियुक्त

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय स्थित पुराना शासकीय महाविद्यालय भवन परिसर मिनी स्टेडियम में संचालित नवकिरण अकादमी के सुचारू रूप से संचालन के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने डिप्टी कलेक्टर शुभम देव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।



### खेलकूद प्रतियोगिता में एकलव्य भोरिंग द्वितीय


**महासमुंद।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में 73 एकलव्य विद्यालयों का संचालन किया जाता है, प्रतिवर्ष एकलव्य विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला स्तर, संभाग स्तर और राज्य स्तर पर किया जाता है, इसी कार्यक्रम के अनुसार पूरे राज्य के बच्चो को दो संभाग में विभाजित कर प्रतियोगिता का आयोजन राजनांदगांव में किया गया। जिसमें जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग के बच्चों ने भी भाग लिया। इस प्रतियोगिता में, दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, रिले रेस, बैडमिंटन, भाला फेंक, गोला फेंक जैसे खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गय। जिसमें जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग के बच्चों ने 23 गोल्ड, 20 सिल्वर, और 5 कांस्य पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया है।

## घटारानी में 345 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित



**नर्रा।** शारदीय क्वांर नवरात्रि पर छग शांकभरी सेवा संस्थान के संस्थापक समाजसेवी मनोज पटेल ने छग का प्रमुख पर्यटन स्थल मां घटारानी मंदिर पहुंच कर माता की पूजा अर्चना कर दर्शन किए। साथ ही क्षेत्रवासियों के लिए मातारानी से सुख समृद्धि की कामना की। इस वर्ष घटारानी में 345 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित है। बता दें कि घटारानी मंदिर छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। गरियाबंद जिले में स्थित घटारानी मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक आस्था का एक अद्भुत संगम है। खूबसूरत झरनों के साथ साथ साहसिक पर्यटन के लिए काफी प्रसिद्ध है। यह प्राकृतिक सुंदरता व अपनी ओर आकर्षित करती है। यहां दूर दराज से श्रद्धालु आते है। यह स्थान घने जंगलों, झरनों और पहाड़ियों से घिरा हुआ है। यह प्राकृतिक की गोद में पानी के कुंड की विशेषता रखती है। यहां हर साल हजारों पर्यटक दूर-दूर से घूमने आते हैं जो अपनी और आकर्षित करती है। उन्होंने कहा कि घटारानी जन विकास समिति के समस्त पदाधिकारी व सदस्यों से मुलाकात भी किया। वही समिति द्वारा छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान के संस्थापक समाजसेवी मनोज पटेल का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान समिति के समस्त पदाधिकारी व सदस्य अध्यक्ष संतोष दीवान, संरक्षक तारण ध्रुव, हीराधर सिन्हा, दुर्गा, धनेश ध्रुव, हरिश्चंद्र तारक, हीराधर, छेरकू, खिलावन, डिहू, पवन, परमेश्वर, हेमराज ध्रुव, खेमू ध्रुव, रोहित व योगेश सेन, आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता रेखराम ध्रुव, एवन दीवान मौजूद रहे।

## मां वैष्णो देवी मंदिर में श्रीमद भागवत कथा





**नर्रा।** जय मां वैष्णो देवी मंदिर तथा पर्रापाठ पहाडी परिसर पंडरीपानी में शारदीय क्वांर नवरात्र पर मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित है। इस अक्सर पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। कथा वाचक पं धनंजय तिवारी ने सातवें दिन गुरुवार को सुदामा चरित्र परिक्षित मोक्ष का कथा श्रवण कराया। गीता हवन पूजन कपिला तर्पण के साथ समापन प्रतिदिन महाप्रसादी में भोग भंडारा का आयोजन किया गया। इसी तरह आलावा चौक नर्रा के नव दुर्गा उत्सव समिति तथा ग्राम के लोग बड़ी संख्या में हवन पूजन में सम्मिलित हुए।

# माता के नौ रुप दिखे वृध्द और दिव्यांगजनों में, आशियाना वृद्धाश्रम में हुआ रास गरबा





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवरात्रि में वृद्धाश्रम में आयोजित रास गरबा कार्यक्रम में यहां के वृद्धजन और घरौंदा के दिव्यांग बालिकाएं माता के नौ रूपों में नजर आए। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में रास गरबा के दौरान संस्था से जुड़े दानदाता, सेवाभावी और आसपास रहवासी भी भी शामिल हुए।

शहर के दलदली मार्ग स्थित शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा समाज कल्याण विभाग के सहयोग से संचालित आसियाना वृद्धाश्रम में होने वाले विविध आयोजनों के तहत मंगलवार को हुए इस आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए संस्था प्रमुख मनोज कुमार साहू, उदय साहू एवं खेमचंद जंजीर ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था में रह रहे वृद्धजनों और दिव्यांग बालिकाओं का माता के नौ रूप का श्रृंगार किया गया और हर वर्ष की भांति रास गरबा में विभागीय अधिकारी कर्मचारियों सहित शहर के गणमान्य नागरिक भी आमंत्रित रहे। इस अवसर पर अर्चना शर्मा, हितेश यादव, वैशाली सिंह, आकांक्षा साहू, तृषा साहू, पूर्वा साहू, ईशिका साहू, कान्हा साहू के अलावा आश्रम स्टाफ से अधीक्षक श्रीमती उषा साहू, कुंजन ठाकुर, ज्योति साहू, श्रेया ठाकुर, डिगेश्वरी कुर्रे, रेशमा साहू, राजेश्वरी यादव, भानमति मार्कंडेय, अंजली साहू ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# नवकिरण अकादमी के संचालन में बरती जा रही लापरवाही : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

**पूर्व संसदीय सचिव ने गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार के युवाओं की सुविधा को ध्यान में रख शुरू कराया था नवकिरण अकादमी निःशुल्क कोचिंग सेंटर**



पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के 1 साल बाद ही 1 नवंबर 2019 को उनके कार्यकाल में जिले के मध्यम व गरीब परिवारों के युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए नवकिरण अकादमी की शुरुआत हुई। मुख्यालय को एजुकेशन हब का स्वरूप देने तथा जिले में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले व स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त कर कैरियर की तलाश कर रहे युवाओं के हित को ध्यान में रखकर नवकिरण अकादमी के माध्यम से निःशुल्क कोचिंग का संचालन प्रारंभ किया गया, जो यहां अध्ययनरत प्रतिभागियों के लिए मिल का पत्थर साबित होता रहा है। निःशुल्क कोचिंग संचालन पश्चात नवकिरण में अध्ययनरत प्रतिभागियों द्वारा बार-बार ग्रंथालय की मांग की जा रही। जिसे तत्कालीन कलेक्टर से चर्चा कर सर्व सुविधा युक्त न्यूनतम फ्री पर ग्रंथालय का संचालन भी शुरू किया गया।

निःशुल्क कोचिंग की सुविधा और ग्रंथालय प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए सफलता का केंद्र साबित होता रहा। विनोद ने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार की उदासीन रवैए व प्रशासनिक लचरता के कारण नवकिरण अकादमी जैसे महत्वपूर्ण कोचिंग संस्था के संचालन में बरती जा रही लापरवाही से शासन-प्रशासन के विरूद्ध आक्रोश पनप रहा है। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में नवकिरण अकादमी के संचालन में कभी कोई व्यवधान नहीं हुआ।

# सरला ने मीसाबंदी व जनसंघ के वरिष्ठ नेता उबोवेजा को दिलाई भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



भारतीय जनता पार्टी द्वारा संपूर्ण भारत वर्ष में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के तहत स्थानीय भाजपा और जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं मीसाबंदी जगदीश लाल उबोवेजा एवं उनकी धर्मपत्नी कुलदीप कौर उबोवेजा को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया द्वारा उनके निज निवास पर जाकर शाल एवं फल से सम्मानित कर भाजपा की सदस्यता दिलाई। सरला ने कहा कि राष्ट्र सेवा एवं पार्टी की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले त्याग, तपस्या, समर्पण की प्रतिमूर्ति बिरले होते है। जिन्होंने जनसंघ एवं भाजपा के लिए संघर्ष किया। अनेक सुख सुविधाओं की आहूति दी। और उन्होंने आपातकाल के समय परिवार से अलग 18 माह तक मीसाबंदी के तहत जेल की यातनाएं सही, ऐसे लोगों की वजह से ही पार्टी लगातार उच्च शिखर को छू रही है और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का गौरव प्राप्त है।

## कालरात्रि सभी बुरी शक्तियों का नाश करती है : तुषार



**महासमुंद।** मां भगवती के सातवें स्वरूप मां काली का आशीर्वाद लेने ग्राम परसाडीह, भोरिंग, मोहकम, पीढ़ी, गढ़सिवनी, जोबा, अछोला पहुंचे। जहां पूजा अर्चना कर जगत जननी से समस्त क्षेत्र वासियों के सुख-सौभाग्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। बताया कि महाकाली हिंदू धर्म की एक प्रमुख देवी हैं। वे मृत्यु, काल और परिवर्तन की देवी हैं। यह सुंदरी रूप वाली आदिशक्ति दुर्गा माता का काला, विकराल और भयप्रद रूप है, जिसकी उत्पत्ति असुरों के संहार के लिए हुई।

# रासेयो राष्ट्रीय एकता शिविर हरियाणा के लिए महासमुंद जिले से स्वयंसेवक दिनेश का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय व राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार (हरियाणा) में 11 से 17 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें महासमुंद जिले से शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक दिनेश कुमार साहू एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर राष्ट्रीय एकता शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

डॉ. मालती तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय एकता शिविर में अलग अलग राज्यों से आए स्वयंसेवक अपने अपने संस्कृति का प्रदर्शन करते है। योग, नुक्कड़ नाटक, बौद्धिक सत्र, रासेयो देशी खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हैं। दिनेश के चयन पर डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो महिला इकाई, प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र, महाविद्यालय अधिकारी कर्मचारी सहित रासेयो स्वयंसेवकों ने हर्ष जताया है।

# 110 बंदियों और स्टाफ को दिया गया मानसिक स्वास्थ्य का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद के संबद्ध जिला चिकित्सालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर 7 से 11 अक्टूबर तक मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और मानसिक रोगियों को सहायता प्रदान करना है।

डॉ. रेणुका गाहिने, अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद, डॉ. पी. कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व अस्पताल अधीक्षक डॉ. बसंत माहेश्वरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीलू घृतलहरे के आदेशानुसार एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर, डॉ. घनश्याम साहू सहायक अस्पताल अधीक्षक के समन्वय से अभियान के दौरान जिला जेल महासमुंद में 110 बंदियों और स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही स्पर्श क्लीनिक (कक्ष क्रमांक-64) में 51 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां और मनोसामाजिक परामर्श प्रदान किया गया।

कार्यशाला में मानसिक रोग के लक्षणों की पहचान, तनाव प्रबंधन और आत्महत्या रोकथाम जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बंदियों और स्टाफ को मानसिक रोग के लक्षणों की जानकारी दी गई, जिनमें सोचने-समझने में कठिनाई, आदतों में परिवर्तन, आत्महत्या के विचार आना, शराब या तंबाकू का अत्यधिक सेवन, और सामाजिक मेलजोल में बदलाव शामिल हैं। तनाव प्रबंधन के लिए बैलून गेम जैसे गतिविधियों का आयोजन किया गया और तनाव से निपटने की तकनीकों की जानकारी दी गई। इस अभियान के अंतर्गत अब तक 4605 ओपीडी मरीजों, 278 अल्कोहल विड्रॉल और आत्महत्या रोकथाम के केस, 260 आईक्यू असेसमेंट, 562 सीएचसी आउटरीच कैंप, और 2745 टेलीमनोस काउंसलिंग मरीजों को सहायता और परामर्श प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डॉ. चंद्रकांत ध्रुव, डॉ. आरती वर्मा, डॉ. ओसीन, सायकोलॉजिस्ट टिकेश्वरी गिरी गोस्वामी, साइकेट्रिक सोशल वर्कर रामगोपाल खुंटे, कम्यूनिटी नर्स जागृति साहू और योगा ट्रेनर देव

# सदस्यता रथ को विधायक ने दिखाई हरी झंडी

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा महासमुंद विधानसभा के लिए निकाली गई सदस्यता रथ को गुरुवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ पूरे महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के सदस्यता अभियान का प्रचार-प्रसार करेगी। बता दें कि पूरे देश में भाजपा का सदस्यता अभियान जारी है। भाजपा से जुड़ने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इसी तारतम्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा गुरुवार को महासमुंद विधानसभा के लिए सदस्यता रथ निकाला गया। इसका शुभारंभ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किया। विधायक सिन्हा ने अपने निवास स्थान से रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी विचारधारा की पार्टी है। भाजपा हमेशा देश हित के लिए कार्य करती है। इसलिए देशभक्त नागरिक भाजपा से जुड़ रहे हैं। सदस्यता अभियान में आमजन भाजपा से जुड़ने के साथ देश के विकास में भी अपना योगदान दे रहे हैं। भारत को विश्व पटल में अग्रणीय बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजयुमो प्रदेश मंत्री प्रखर मिश्रा, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक संदीप दीवान, मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, प्रकाश शर्मा, रमेश साहू, सुधा साहू, अमन वर्मा, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, दिनेश रुपरेला, अमित साहू, नंदू जलक्षत्री, घनाराम साहू, रमेश पटवा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थें।



## संभाग स्तरीय स्पर्धा में खेलो इंडिया सेंटर भोरिंग के तीरंदाजों ने जीते 6 स्वर्ण

# तीरंदाजी स्पर्धा में जिले के खिलाड़ियों ने जीते 12 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रीय खेल महोत्सव मध्य क्षेत्र संभाग स्तरीय प्रतियोगिता एकलव्य विद्यालय के लिए दिग्विजय स्टेडियम एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में 7 एवं 8 अक्टूबर 2024 तक तीरंदाज़ी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शतरंज, वॉलीबाल, योगा खेल आयोजित किया गया। एकलव्य आदर्श विद्यालय से तीरंदाजी प्रतियोगिता में जिले से 12 खिलाड़ी शामिल हुए। जिसमें सभी 12 खिलाड़ियों ने पदक जीतने में सफल रहे। सभी खेल के आधार पर ओवर ऑल चैंपियनशिप में जिले को दूसरा स्थान हासिल हुआ। विजेता खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। जिसके चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2024 में शामिल होंगे।

विदित हो कि एकलव्य आदिवासी विद्यालय भोरिंग में खेलो इंडिया आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा संचालन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन सुबह-शाम खिलाड़ियों को तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू द्वारा अभ्यास कराया जाता हैं, जिसके लिए खेल विभाग द्वारा खेल संसाधन उपलब्ध कराया गया हैं। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जिसमें 14 वर्ष से कम बालक वर्ग में प्रथम स्थान टूकेश कुमार, द्वितीय, स्थान योगेश नाग, तृतीय स्थान नमन माझी ने प्राप्त किया। 14 वर्ष से कम बालिका वर्ग में प्रथम स्थान लिलिमा नाग, द्वितीय स्थान कुमुदिनी दीवान ने प्राप्त किया। 19 वर्ष से कम बालक वर्ग में प्रथम स्थान कांत जगत, द्वितीय स्थान चंदन सिदार, तृतीय स्थान मनीष सिदार ने प्राप्त किया एवं 19 वर्ष से कम बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मनीषा ध्रुव, द्वितीय स्थान कामना ध्रुव ने प्राप्त किया। रिकर्व राउंड 14 वर्ष से कम बालक वर्ग में प्रथम स्थान दिगंबर नेताम, कंपाउंड राउंड 19 वर्ष से कम बालक वर्ग में प्रथम स्थान जयंत ठाकुर ने प्राप्त किया। एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग के व्यायाम शिक्षक गौरव शर्मा, व्यायाम शिक्षिका नीलम साहू के नेतृत्व में टीम को शामिल कराया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग शिल्पा साय, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, प्राचार्य एकलव्य महेंद्र टंडन व छात्रवास अधीक्षक, समस्त शिक्षक व विद्यालय स्टॉफ, खेलो इंडिया सेंटर के प्रशिक्षक एवन कुमार साहू व खिलाड़ी, व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई जिला तीरंदाज़ी संघ अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, अधीक्षक बाल आश्रम बिहाझर डॉ. पुरेंद्र चंद्राकर, पिरीत राम, अरविंद छाबड़ा, सोमनाथ, ऋषि साहू, हिरेंद्र देवांगन, संजय पटेल, पालक संघ व माता पिता ने हर्ष जताया है।



